डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर कुलपति आचार्य संजय सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह ने सभी को शपथ दिलाई • स्वयं

दिलाई शपथ

■ शकुंतला विवि में एनएसएस इकाई की ओर से शपथ ग्रहण समारोह समारोह व चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विवि के सभी शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना पर शपथ दिलाई गई। वहीं शपथ के बाद संविधान में निहित दिव्यांगों की शिक्षा के अधिकार विषय पर चर्चा हुई। संविधान सप्ताह के तहत हुई प्रतियोगिता में विजेताओं को इस मौके पर सम्मानित किया गया। ऐसे ही भाषा विवि में भी शिक्षक व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। छात्रों के बीच भाषण, चित्रकला, रंगोली समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष प्रो . सुदर्शन वर्मा उपस्थित रहीं ।

डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में हुआ शपथ ग्रहण

अमृत विचार, लखनऊ : संविधान स्थापना दिवस पर पुनर्वास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ . बृजेश कुमार राय, डॉ . प्रज्ञा श्रीवास्तव रहीं।दृष्टिबाधितार्थ विभाग की सह आचार्य डॉ . आद्या शक्ति राय ने भारतीय संविधान में निहित दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा का अधिकार विषय पर व्याख्यान दिया। दृष्टिबाधितार्थ विभाग के सहायक आचार्य आशीष कुमार गुप्ता व पूनम चौरसिया उपस्थित रहीं।